**Regarding the need to construct a dam at Panchnada in Chakarnagar block area under Etawah Parliamentary Constituency**

**श्री जितेंद्र कुमार दोहरे (इटावा) :** सभापति महोदया, हमारे लोक सभा क्षेत्र में चकरनगर ब्लॉक के एरिया में पांच नदियों का संगम है । उसको पंचनदा कहते हैं । मैं आपसे मांग करता हूं कि वहां पर बांध बनवाना बहुत जरूरी है । लोग कई सालों से इसकी मांग भी कर रह हैं । उसका कई बार सर्वे भी हो चुका है और सर्वे में कई करोड़ रुपये भी खर्च हुए हैं । अगर आप वहां बांध बनवाने का कष्ट करेंगे तो वहां के हजारों किसानों को बहुत लाभ मिलेगा । वहां पर औरैया, इटावा, भिन्ड कई जिलों के लोगों को, किसानों को बहुत फायदा मिलेगा ।

आपका बहुत-बहुत धन्यवाद ।